WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक

# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 63 मेरठ, बुधवार 15 सितम्बर, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......

श्री गणपति जी कि विसर्जन यात्रा में आप सादर आमंत्रित है



दिनांकः-16 सितम्बर
समयः- हवन- सुबह 9.30
विसर्जन यात्राः- सुबह 11 बजे
स्थानः- मेथनिया मोहल्ला, कंकर खेड़ा मेरठ
निवेदकः- अंकित गुप्ता
संपादक, दैनिक मेरठ दर्पण
9897419837

## पत्रकार ही घोंट रहें है पत्रकारों की आवाज का गलाः जेसीआई

**दिल्ली** । आज पत्रकार ही पत्रकारों की आवाज का गला घोंट रहे। अक्सर देखने मे आता है कि यदि किसी पीड़ित पत्रकार की कोई समस्या उनके संज्ञान में आती भी है तो उसे वह अपने समाचार पत्र पोर्टल पर चौनल में स्थान देने में संकोच करते है।समाज और सरकार के बीच की कड़ी कहलाने बाले पत्रकार आज अपने ही साथियों की आवाज को बुलंद करने में संकोच करते देखे जाते है। गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों के संगठन जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंड़िया रजि0 के अध्यक्ष अनुराग सक्सेना ने देश के सभी पत्रकारों से अपनी कलम के माध्यम से अपनी आवाज को बुलंद करने का आह्वान किया।वर्तमान समय मे सच का सामना कराने पर पत्रकारों पर हमले और झूठे मुकदमों के प्रकरण दिनों दिन बढते हुए देखे जा सकते है।ऐसे मे पत्रकारों को अपनी कलम के माध्यम से अपना विरोध प्रदर्शन करना चाहिए। आपकी एकजुटता आपकी कलम के माध्यम से दिखनी चाहिए। क्योकि तभी आपकी आवाज शासन और प्रशासन तक पहुंचेगी और आवाज पहुंचने पर ही उसका निराकरण संभव है। आज कितने लोग पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़कर अपनी सेवाए दे रहे है यह आंकडा भी सरकार के पास नहीं है और जब सरकार को पता ही नहीं कि आपकी संख्या कितनी है तब आपकी सुरक्षा कैसे हो। सच को समाज के सामने लाने के कार्य को पत्रकार बखूबी अंजाम देते है और सच सामने आने पर दोषी पत्रकार के दुश्मन बन जाते है। परिणामस्वरूप उन पर हमले या झूठे मुकदमें दर्ज करके उन्हे प्रताड़ित किये जाने का सिलसिला दिनों दिन बढता जा रहा है। ऐसे मे पत्रकार निष्पक्ष और निर्भीक होकर पत्रकारिता कैसे कर सके यह सोचना सरकार का काम है।स्वस्थ लोकतंत्र के लिए पत्रकार का निष्पक्ष और निर्भीक होकर काम करना आवश्यक है।सच के सामने आने पर ही दोषियों के चेहरे उजागर होते है और इस काम में पत्रकार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सक्सेना ने बताया कि कलम के माध्यम से पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाने के लिए पत्रकारो को जागरूक करने के लिए संस्था की ओर से एक शपथ का कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसके लिए संस्था की ओर से पत्रकारों को एक शपथ दिलवाई जा रही है कि यदि किसी पीड़ित पत्रकार की समस्या उनके संज्ञान में आती है तो वह समस्या को अपने समाचार पत्र पोर्टल व चौनल के माध्यम से उठाने में संकोच नहीं करेंगे और इसके लिए अन्य पत्रकारों को भी प्रेरित करेंगे।

## मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेन्द्र को किया सम्मानित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** लखनऊ में आयोजित कार्यशाला के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह द्वारा पार्टी के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेन्द्र शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किये जाने पर भाजपा नेताओं द्वारा गजेन्द्र शर्मा को बधाईयां दी। बधाई देने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल, सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल, अश्वनी त्यागी, डा0सरोजनी अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा0लक्ष्मीकांत वाजपेयी, महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, व्यापार संघ अध्यक्ष अजय गुप्ता आदि सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी।

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त चेयरमैन का काजी शादाब ने किया स्वागत व सम्मान



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय उद्योग विकास व्यापार मंडल के अध्यक्ष व भाजपा नेता काजी शादाब ने मंगलवार को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त चेयरमैन श्री इकबाल सिंह लालपुरा से नई दिल्ली स्थित आयोग के कार्यालय में मुलाकात की और शॉल पहनाकर तथा बुके देकर उनका स्वागत व सम्मान किया स इस अवसर पर काजी शादाब ने आयोग के चेयरमैन को उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक समाज के जुड़े बुनियादी मुद्दों से अवगत करायास इस मौके पर प्रमुख रूप से मोइन कुरैशीह्वजिला मीडिया प्रभारीत्रू मुख्तियार अली गुड्डु,अनवार पांचली,रईस अंसारी आदि मौजूद रहे स

## जिलाधिकारी,मेरठ अध्यक्ष जिला गंगा समिति,मेरठ के निर्देशानुसार हुए नमामि गंगे

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जल शक्ति मन्त्रालय,भारत सरकार की महत्वपूर्ण नमामि गंगे परियोजना के तत्वावधान में गंगा के संरक्षण एवं आजादी के अमृत महोत्सव का जन आंदोलन के अंतर्गत परिक्षितगढ़ के गंगा ग्राम नंगला गुसाई समेत जनपद मेरठ केह्व विभिन्न गंगा ग्रामों मेंह्वजिला गंगा समिति अध्यक्ष-जिलाधिकारी, मेरठ ,नेहरू युवा केंद्रभारत सरकार व वन विभाग के सयुंक्त सहयोगह्वसे वृक्षारोपण ,गंगा शपथ,हस्ताक्षर अभियान ,गंगा चौपाल आदि कार्यक्रमों को कराया गया। गंगा ग्राम नंगला गुसाई मेंह्वनेहरू युवा केंद्र,मेरठ व नमामि गंगे परियोजना के जिला परियोजना अधिकारी तुषार गुप्ताह्वके निर्देशन में व ग्राम प्रधान पति अरुण सिंह की अध्यक्षता में तथाह्वनमामि गंगे परियोजना ,मेरठ से जुड़े अंकित गोयल, गंगा दूत दीपक कुमार वन विभाग की परिक्षितगढ़ रेंज के वन दरोगा आकाश कुमार, वन दरोगा विनोद कुमारह्वके साथ मिर्जापुर स्थान पर तालाब व प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के द्वारा सागौन, अमरूद, नीम,जामुन आदि के



पौधों को रोपकर सघन वृक्षारोपण किया गया और ग्राम के लोगों के साथ गांव में गंगा चौपाल आयोजित करी गयी जिसमे ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और माँ गंगा की स्वच्छता व उनकी धारा को निर्मल बनाने हेतु अपने सुझाव भी साझा किए।मुख्य अतिथिह्वनमामि गंगे परियोजना के जिला परियोजना अधिकारी तुषार गुप्ताह्वने सभी को नमामि गंगे परियोजना के विषय मे विस्तार से जानकारी दी और बताया कि जब तक सभी इसको सरकारी योजना समझेंगे तब तक हम माँ गंगा को स्वच्छ नहीं कर पायंगे इसीलिए हमे इसमे जनभागीदारी के रूप में जुड़ना होगा क्योंकि गंगा भारत की धरोहर वह्व पवित्रता का प्रतीक है इसे जीवित रखना हर बच्चे, वयस्क व वृ) सभी की जिम्मेदारी है, उन्होंने सभी से नमामि गंगे परियोजना को सफल व कारगार बनाने के लिए सहयोग मांगा ।इसके बाद सभी उपस्थित ग्रामवासियों ,गंगा दूतों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर कराये गए।कार्यक्रम में ग्राम में दीवारों पर माँ गंगा की स्वच्छता की जागरूकता हेतु सुंदर चित्रकारी करने का भी प्रस्ताव रखा गया।इस दौरान वन रक्षक अमित कुमार भंडारी ,वन रक्षकह्वदेवेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहें।

## जनपद में हुआ तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन


**मेरठ दर्पण-मेरठ।** केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों जनहित कल्याणकारी योजनाएं कार्यक्रम पर योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका सीधा लाभ आमजन तक पहुंच रहा है इसी क्रम में सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन आज मुख्य विकास अधिकारी शशांक चोधरी द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को योजनाओं की जानकारी होगी जिससे वह योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए सरकार के निर्देश है। उन्होंने आमजन से इस प्रदर्शनी का लाभ लेने के लिए आवाहन किया। प्रदर्शनी आगामी 16 सितंबर 2021 तक रहेगी। सूचना एवं






जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदर्शनी की स्थापना कराई गई हैं। जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला ने बताया कि प्रदेश सरकार की कुछ उपलब्धियों में 36 हजार करोड़ से 86 लाख लघु एवं सीमांत किसानों का ऋण मोचन, देश में सर्वाधिक कोरोना टेस्ट एवं टीकाकरण, 16 जनपदों में विधि विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 1,52,000 से अधिक कन्याओं का विवाह, गोपालन पर पशुपालकों को धनराशि देने वाला प्रथम राज्य, प्रयागराज में दिव्य एवं भव्य कुंभ का आयोजन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार, 01 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई एवं अन्नप्राशन का आयोजन, वृक्षारोपण जन आंदोलन के अंतर्गत 30 करोड़ पौधारोपण कर विश्व रिकॉर्ड बनाया, देश में सर्वाधिक दो करोड़ 61 लाख शौचालय का निर्माण जिससे 10 करोड़ लोग लाभान्वित, 4 वर्षो में लगभग 4,25,000 युवाओं को सरकारी नौकरी तथा आत्मनिर्भर यूपी कार्यक्रम से 1 करोड 25 लाख लोगों को रोजगार, कोरोना काल में वर्चुअल क्लास से शिक्षा की व्यवस्था, कोरोना से निराश्रित हुए बच्चों के लिए उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रदेश के सभी मजरे हुए रोशन, 7500 करोड़ रुपए से 1535 मेगा वाट के सौर ऊर्जा प्रस्ताव स्वी त आदि हैं। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक गिरजेश चौधरी, जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज सुनील भड़ाना, उप प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज अनिल दत्त शर्मा, अध्यापक विपिन भारद्वाज सहित छात्र-छात्राएं व आमजन उपस्थित रहे।

## भारत निर्वाचन आयोग ने ईवीएम व वीवीपैट मशीन के परीक्षण के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की कार्यशाला



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन व वीवीपैट मशीन के परीक्षण के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें जिलाधिकारी के बालाजी, अपर जिलाधिकारी द्धभूमि अध्यापतिऋ, अपर नगर आयुक्त,जिला पंचायत राज अधिकारी एवं निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## भगवान पार्श्वनाथ का मंत्रोचार के साथ किया गया अभिषेक



**विपुल जैन**

**बागपत।** जैन धर्म के चल रहे दशलक्षण पर्व के दौरान जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। उनके द्वारा मंदिरों में पूजा–अर्चना कर घर– परिवार की सुख, शांति व समृद्धि के लिए मन्नते मांगी जा रही है। इस कड़ी में नगर के दिल्ली–सहारनपुर रोड स्थित जैन नगर रिवर पार्क में बने श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और उन्होंने भगवान पार्श्वनाथ का मंत्रोचार के साथ अभिषेक किया। भगवान की शांति धारा हुई और उसके बाद विधान किया गया। पूरा मंदिर भगवान पार्श्वनाथ के जय–जयकार के उदघोषों से गूंज उठा। पंडित संदीप जैन शास्त्री ने मंत्रोचार के साथ पूजन कार्य संपन्न कराया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नगेन्द्र जैन गोयल, शिखर चंद जैन, राहुल जैन, प्रदीप जैन आदि थे।

## हिंदी दिवस पर ओमेगा वर्ल्ड स्कूल में हुई सभा



**मेरठ दर्पण–बिनौली।** हिंदी दिवस पर तितरोदा के ओमेगा वर्ल्ड स्कूल में हिंदी सभा हुई। जिसमें प्रधानाचार्य डॉ.केपी सिंह ने छात्र छात्राओं को हिंदी का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। इस दौरान प्रधानाचार्य ने हिंदी की शिक्षिका को पुरस्कृर्त भी किया। इस दौरान प्रबंध समिति सदस्य मनोज नैन एडवोकेट, देवेंद्र शर्मा, किरण प्रधान, चौधरी हरपाल सिंह, संजीव कुमार, अखिलेश, ममता तोमर, मनीषा तोमर, शिवानी, रेशू तोमर, शालू आदि मौजूद रहे। बिनौली के प्राथमिक विद्यालय न.1 में पोस्टर प्रतियोगिता हुई। जिसमे बच्चो ने पोस्टर बनाकर हिंदी के प्रति जागरूक किया। प्रधानाध्यापक कविता सिंह, विनय, रेनू पंवार, मीनू ढाका, रचना, दिव्या चौधरी आदि मौजूद रहे। दोझा के राजकीय इंटर कालेज, तेड़ा के आर्य विद्यालय इंटर कालेज, ग्वालिखेड़ा के दलीप सिंह इंटर कालेज आदि संस्थाओं में भी कार्यक्रम हुए।

## शिक्षा के उन्नयन में योगदान के लिए शिक्षक सम्मानित




**मेरठ दर्पण–बिनौली।** जिवाना गालियान के गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में हुए सम्मान समारोह में शिक्षा के उन्नयन में सराहनीय योगदान करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। एचडीएफसी बैंक के तत्वाधान में हुए समारोह में शाखा प्रबंधक सूरत कपूर ने स्कूल संस्थापक प्रोफेसर बीएस आर्य को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के श्रेष्ठ पांच शिक्षकों को भी शिक्षा के उन्नयन में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ.राजीव खोखर के संचालन में हुए समारोह में सुधीर शर्मा, विवेक तोमर, उधम सिंह, ऋषि पाल जितेंद्र आर्य, राकेश जैन, प्रवीण तोमर, अश्वनी तोमर, आ ति त्यागी, ,मंज, रेनू तोमर, आदि मौजूद रहे।

# शोभित विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन




**मेरठ दर्पण–मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में हिंदी दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ अनीता राठौर द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए हिंदी के महत्व को बताया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि श्री वीरेश त्यागी जी, शांति स्वरूप अनाड़ी जी, युवा कवि प्रवीण तोमर, युवा कवित्री उदिता शर्मा एवं वरिष्ठ कवित्री कोमल रस्तोगी जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजय राणा द्वारा अतिथियों का स्वागत रुद्राक्ष के पौधे देकर किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रो राणा ने कहा कि देश के हर नागरिक को अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए और हमारे देश की राष्ट्रभाषा भी हिंदी ही है। हम सबको अपने आप को सौभाग्यशाली समझना चाहिए क्योंकि हमारी राष्ट्रभाषा एवं मातृभाषा एक ही है। कवि सम्मेलन की शुरुआत करते हुए मंच का संचालन वरिष्ठ कवि श्री वीरेश त्यागी जी द्वारा मां शारदे को याद करते हुए किया गया। युवा कवित्री उदिता शर्मा ने मां हिंदी की वंदना करते हुए कहा कि राष्ट्र का सम्मान एवं अभिमान है हिंदी उन्होंने संघर्ष की गाथा के ऊपर अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि संघर्ष से क्या घबराना नित नए आयाम रचो। हास्य रस के कवि शांति स्वरूप "अनाड़ी" जी ने अपने शानदार अंदाज में कहा कि हम हिंदुस्तानी हैं तो हमें हिंदी पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने आज के जमाने में बच्चों के अपने माता–पिता के साथ व्यवहार पर अपने व्यंग प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि "दौलत ना शोहरत न कभी कोई नाम दिया उसने, फिर भी मैं खुश हूं कि हंसाने का काम दिया उसने" हास्य रस के युवा कवि प्रवीण तोमर ने व्यंग प्रस्तुत करते हुए कहा "राम ष्ण भी जीने का संदेश यही दे जाते हैं, परिवारों में एकरूपता की शांति समझाते हैं" कवित्री कोमल रस्तोगी ने अपनी कविताओं द्वारा सबको मंत्रमुग्ध करते हुए कहा कि प्रेम केवल प्रेसी के लिए नहीं होना चाहिए बल्कि जो हमारे जवान देश की सीमा पर देश की सेवा कर रहे सैनिकों, अपने देश को और अपनी हिंदी को प्रेम करने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने व्यंग में कहा की पहले घरों में लोग ज्यादा और कमरे कम हुआ करते थे आज घरों में लोग कम हैं और कमरे ज्यादा है। उन्होंने अपने संबोधन में मेरठ के लाल शहीद मेजर मयंक बिश्नोई की शहादत को सलाम करते हुए कहा कि हर "आंखें होती हैं हम और सिसक पड़ी धरती, आओ मिलकर बोले जय जय सैनिकों की" कवि सम्मेलन के अंत में वरिष्ठ कवि विवेक त्यागी जी ने कहा:

**मां का मान है हिंदी**
**वतन की शान है हिंदी**
**वतन की जान है हिंदी**
**और जिस भाषा में मां आती है**
**तो मां का मान है हिंदी**
**हमें अंग्रेजी उर्दू अन्य भाषाएं भी मां जैसी हैं**
**मगर मेरा मान, प्राण एवं अभिमान है हिंदी**

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ पूनम देवदत्त द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कि कवि सम्मेलन में जितनी अहमियत कवियों की होती है उतनी ही अहमियत श्रोताओं की भी होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी कवियों को डॉ पूनम देवदत्त एवं कुलसचिव मित्रानंद बहुगुणा द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया कुलपति इस अवसर पर स्कूल ऑफ एजुकेशन की निदेशक डॉ सुरक्षा बंसल, विश्वविद्यालय के कुलसचिव मित्रानंद बहुगुणा, उप कुलसचिव रमन शर्मा, डॉ गणेश भारद्वाज, मीडिया प्रभारी डॉ अभिषेक डबास, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन




**मेरठ दर्पण–मेरठ।** पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर डीएन डिग्री कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया क्लब निदेशक आयुष गोयल व पीयूष गोयल ने बताया हिंदी मात्र एक भाषा नहीं है हिंदी हमारी मातृभाषा है जिस प्रकार हम अपनी मां का सम्मान करते हैं उसी प्रकार हमें अपनी मातृभाषा हिंदी का भी सम्मान करना चाहिए मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ बीएस यादव ने कहा हिंदी भाषा भारत में सर्वाधिक बोली जाती है दुनिया की की चौथी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा हिंदी है सभी लोगों को हिंदी बोलनी चाहिए और दूसरों को हिंदी बोलने के लिए प्रेरित करना चाहिए अति विशिष्ट अतिथि डॉक्टर दीपा त्यागी विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग इस्माइल पीजी कॉलेज ने कहा हिंदी हमारे हृदय की भाषा है क्योंकि हिंदी भाषा में बोलकर या लिखकर विचारों और मनोभावों को सरलता से प्रकट किया जा सकता है हिंदी भाषा एक वैज्ञानिक भाषा है वैज्ञानिक भाषा होने के कारण ही हिंदी भाषा के वाचन और लेखन का निश्चित क्रम है हिंदी जिस प्रकार बोली जाती है उसी प्रकार लिखी जाती है डॉ0 सुंदरी वाला शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर आरजी डिग्री कालिज ने कहा हिंदी जन जन की भाषा है।हिंदी हमारी पहचान है हिन्दी हमारी शान है अपने दैनिक जीवन में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें। प्रसिद्ध कवि डॉ0 राम गोपाल भारतीय ने कहा हिंदी भाषा अपनाओ देश का गौरव बढ़ाओ उन्होंने अपने गीत गजलों के माध्यम से हिंदी का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ अंजुला जैन, डॉ अनिता कुशवाहा, डॉ वंदना शर्मा,लक्ष्मी शर्मा, डॉ वंदना गर्ग, भारती, आनंद डॉ प्रवीण कुमार, डॉक्टर सविता ,डॉ पृथ्वीराज सिंह डॉक्टर एमके यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जूलॉजी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ अंजुला जैन ने सभी को हिंदी हिंदी के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई।

# बहुत धूमधाम से मनाई गई राधा अष्टमी

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** इस्कॉन संस्था द्वारा सूरज कुंड रोड आर्य नगर में राधा अष्टमी बहुत धूमधाम से मनाई गई इसमें राधा रानी का सभी ने अभिषेक किया और राधा रानी के भजनों पर महिलाओं ने नृत्य किया कार्यक्रम का संयोजन कविता गोयल के द्वारा किया गया इसमें इस्कॉन संस्था से जुड़े हुए वैश्य समाज अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के अलावा इंदिरा सखी प्रभा बिश्नोई, गीता गोयल, गीत गुप्ता, विमला गुप्ता ,नीरा मित्तल ,विनीता शर्मा, शेल कपूर ,रेशु गर्ग ,शांता चावला, उषा वर्मा , तान्या वर्मा ललिता तोमर , मधु शर्मा, आदि महिलाओ ने बहुत उत्साह से भाग लिया सांची गर्ग ,नित्य ने बहुत सुंदर राधा रानी का रूप बनाकर नृत्य किया।



# जिलाधिकारी कार्यालय पर महिला सुरक्षा सेल की स्थापना के संबंध में हुआ बैठक का आयोजन



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महिला सुरक्षा सेल की स्थापना के संबंध में बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि महिला सुरक्षा सेल का कार्य महिलाओं से संबंधित समस्याओं जैसे महिला सुरक्षा महिला उत्पीड़न पारिवारिक समस्याएं एवं अन्य सभी प्रकार की शिकायतें जो कार्यालय में प्राप्त होती है उनका निस्तारण विशेष काउंसलर के माध्यम से कराया जाए। महिला सुरक्षा सेल के संचालन के लिए विशेष महिला काउंसलर एवं अन्य स्टाफ को नियुक्त किया जाएगा जोकि महिलाओं से संबंधित समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनकी समस्याओं के निस्तारण करा सकें उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री आलोक यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री आलोक कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह, नगर मजिस्ट्रेटध् जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री अभिषेक सिंह, ई डिस्टिक मैनेजर, महिला कल्याण अधिकारी एवं बाल संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम वार रूम में शिकायत दर्ज कराने हेतु मोबाइल नंबर 9897749888 पर व्हाट्सएप मैसेज करें।




## जिला संचालक समिति ने वन स्टॉप सेंटर प्रभारी को कार्य मुक्त करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह को सौपा चार्ज

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में सोमवार को जिला संचालक समिति के द्वारा वन स्टॉप सेंटर प्रभारी को तुरंत कार्यमुक्त करते हुए। जिला प्रोबेशन अधिकारी का चार्ज भी नगर मजिस्ट्रेट को सौप दिया गया है। कुछ दिन पूर्व 6 सितम्बर को वन स्टॉप सेंटर प्रभारी के द्वारा सूचना पर छपार थाना क्षेत्र से एक महिला नीलू को रेस्क्यू कराया गया था। जिसे जिला महिला अस्पताल में स्थित वन स्टॉप सेंटर पर रखा गया था। लेकिन 7 सितम्बर को महिला के परिजनों द्वारा ये आरोप लगाते हुए हँगामा किया गया था। की वन स्टॉप सेंटर प्रभारी नीरू के द्वारा उस महिला की गाजियबाद ले जाकर शादी करा दी गई है। जिसके चलते जिला संचालक समिति के द्वारा इसकी जाँच जिला प्रोबेशन अधिकारी मुशफकीम को दी गई थी। जाँच के दौरान आरोप सही पाये जाने पर आज जिला संचालक समिति के द्वारा वन स्टॉप सेंटर प्रभारी नीरू रानी की तुरंत सेवा समाप्त कर दी गई है।और साथ ही जिला प्रोबेशन अधिकारी का चार्ज भी ये कहते हुए नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह को दिया गया है,कि इस विभाग पर कार्य का भार अधिक होता है।

# भाजपा नेता के हत्यारोपी गिरफ्तार, बोले इसलिए कई हत्या

**मेरठ दर्पण- बागपत।** बड़ौत में भाजपा नेता डॉ. आत्माराम तोमर की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों प्रवीण और बलराम को औद्योगिक पुलिस चौकी से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने हत्या का कारण भी पुलिस को बताया।



उनकी निशानदेही पर डॉ. तोमर का मोबाइल और गाड़ी की चाबी भी बरामद की गई है। पूछताछ में प्रवीण ने बताया कि डॉ. तोमर रिश्तेदार होते हुए भी उसके साथ नौकर की तरह व्यवहार करते थे। समय पर न तो सैलरी देते थे और न ही एडवांस। इसलिए दोस्त के साथ मिलकर हत्या की। बड़ौत के बिजरोल रोड स्थित आवास पर डॉ. आत्माराम तोमर की 10 सितंबर को हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उनके रिश्तेदार सोंटा गांव निवासी प्रवीण और उसके साथी सांकलपुट्ठी निवासी बलराम के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। दोनों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि भाजपा नेता की हत्या के दौरान एक आरोपी ने हाथ पकड़े, तो दूसरे ने उनकी छाती पर बैठकर तकिये से मुंह दबा दिया। उनका मुंह तब तक दबाए रखा गया, जब तक उनका दम नहीं निकल गया। डॉ. आत्माराम तोमर ने बचाव के लिए संघर्ष भी किया, लेकिन वह खुद को छुड़ा नहीं सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ था।



जनपद मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ में जिला खेल एवं जिला युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार वितरण करते जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल

# भाषा बोली देश की पहचान, हमें हिंदी का महत्व समझना चाहिएः आयुक्त

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कायक्रम हिंदी विभाग एवं बैंक ऑफ बडौदा, मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंम्भ विभागाध्यक्ष प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विभाग के विद्यार्थियों की निबंध प्रतियोगिता एवं आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभाग के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से प्रतिभागिता की। आशु भाषण प्रतियोगिता के निष्पक्ष निर्णय हेतु निर्णायक मण्ड़ल में डॉ० मनोज श्रीवास्तव, डॉ० आसिफ अली, डॉ० विवेक सिंह उपस्थित रहें। आज के कार्यक्रम के दूसरे चरण में विभागाध्यक्ष के द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। अतिथियों में अध्यक्ष के रूप में विवि के कुलपति प्रो० एनके तनेजा, आयुक्त मेरठ सुरेन्द्र सिंह,वरिष्ठ कवि डॉ० ईश्वर चन्द गंभीर के अलावा क्षेत्रीय प्रबंधक,बैंक आफ बडौदा हरीश कुमार अरोड़ा रहे। बैंक आफॅ बडौदा की मेधावी सम्मान योजना के अन्तर्गत एम०ए० हिंदी वर्ष 2019-20 में विश्वद्यिालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर्ता कु० रेखा को रू० 11000 का पारितोषिक तथा द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता मोनी बंसल को रू० 7500 का पारितोषिक प्रदान किया गया। आयुक्त सुरेन्द सिंह ने पुरस्कार प्राप्त छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाषा बोली देश की पहचान है, माता-पिता चाहते हैं कि बच्चे अंग्रेजी में बात करें। अंग्रेजी से भावों की अभिव्यक्ति नहीं होती। असफलता अंग्रेजी बनाम भारतीय भाषा




है। लोगो को हिंदी मीडियम बताने में शर्म आती है। अंग्रेजी का ज्ञान होना अंग्रेजी फिल्म देखना गीत सुनना स्टेटस सिम्बल बनता जा रहा है। कई जगह हिंदी बोलने पर जुर्माना होता है एक भी स्कूल ऐसा नहीं जहाँ हिंदी न बोलने पर जुर्माना हो। उन्होंने तकनीकी में हिंदी के समावेश होने का उदाहरण दिया। हिंदी से बेहद प्यार करें। अंग्रेजी अथवा अन्य भाषाओं को भी सीखें हिंदी हमारी माँ है और अंग्रेजी हमारी आवश्यकता है। उन्होंने अपने सिविल सेवा का उदाहरण दिया कि मैंने लिखित परीक्षा अंग्रेजी भाषा में दी और साक्षात्कार हिंदी में दिया क्योंकि मातृ भाषा में जो अभिव्यक्ति भावों की होती है वह किसी अन्य भाषा में नही होती। गर्व से कहो जिस भाषा में मैने जन्म लिया उस पर हमें गर्व है। हमारे व्यक्तित्व का प्रकटीकरण हमारी मातृभाषा में ही हो सकता है। सभी से अनुरोध किया कि अपनी हिंदी भाषा का महत्व समझें। हम ऐसी भाषा का प्रयोग करें, जो सभी का विकास करें। हमने भाषा का प्रेम अधिक कर लिया, आज हिंदी को आगे ले जाए हिंदी को ज्ञान विज्ञान की भाषा बनायें। यह बात कागजी कहने से नहीं बकि प्रयोगात्मक रूप में लाये। उन्होंने विश्वविद्यालय के आचार्यो व कुलपति जी से निवेदन किया कि हिंदी को ज्ञान विज्ञान की भाषा बनायें व सभी विषयों को हिंदी में प्ररम्भ करें। यदि विश्वविद्यालय में इस प्रकार का कार्यक्रम शुरू होगा तभी हिंदी दिवस की सार्थकता सि) होगी। आज विज्ञापन की दुनिया में हिंदी छा रही है, आज विदेशी फिल्में हिंदी में डब हो रही है। हिंदी दिवस के इस अवसर पर डॉ० क्रिस्टीन लुईस द्धप्राचार्या, सेंट जोजफ डिग्री कॉलेज, मेरठꣻ, अरूण कुमार पाण्डेघ्य द्धउप क्षेत्रीय प्रबंधक, बैंक आफॅ बडौदाꣻ, सुश्री शमा सैनी द्धराजभाषा अधिकारीꣻ, डॉ० ईश्वर चन्द गंभीर द्धवरिष्ठ कविꣻ ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम संयोजक प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी ने समस्त छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० आरती राणा ने किया। इस अवसर पर विभाग के समस्त शिक्षक डॉ० अंजु, डॉ० प्रवीन कटारिया, डॉ० यज्ञेश कुमार, डॉ० विद्यासागर सिंह एवं विभाग के समस्त कर्मचारी और विभाग के विद्यार्थियों में आकाश, निकुंज, प्रियंका, आयुषी, विशाल, शौर्य, अलतशा बॉबी उपस्थित रहें।

# सीएमओ ने किया तीन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण, सर्वे अभियान में 69049 घरों का भ्रमण

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** डेंगू और वायरल के बढते मामलों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ डा0 अखिलेश मोहन और मंडलीय सर्विलांस अधिकारी द्वारा जनपद की तीन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिन केंद्रों का निरीक्षण किया गया उनमें नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंकरखेड़ा, साबुन गोदाम तथा मलियाना शामिल हैं। निरीक्षण में घर-घर में होने वाले सर्वे में की जा रही गतिविधियां जैसे मच्छर जनित रोगों की रोकथाम हेतु की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएमओ डश्व अखिलेश मोहन ने बताया कि आज जनपद में हाउस टू हाउस सर्वे में 69049 घरों का भ्रमण किया गया। जिसमें आज डेंगू के 3 मरीज मिले हैं। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह डेंगू के व मच्छर जनित बीमारियों



के संभावित मरीजों की जांच कराएं और उनका उपचार सुनिश्चित करें उनकी सभी सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ अशोक तालियान सहित अन्य चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल की मांग पर यूपी सरकार ने मुजफ्फरनगर में नए पी.डब्ल्यू.डी. गेस्ट हाउस के निर्माण की स्वीकृति दी



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल की मांग पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुजफ्फरनगर में नए पी.डब्ल्यू.डी. गेस्ट हाउस के निर्माण की स्वी ति प्रदान की। जनपद में वीआईपी आगंतुकों के ठहरने के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए पी.डब्ल्यू.डी. गेस्ट हाउस के निर्माण को लंबे समय से प्रयासरत सदर विधायक एवं स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग किमी0-122 के समीप पुराने बाईपास की अनुपयोगी भूमि पर नए निरीक्षण भवन निर्माण की स्वी ति प्रदान की है। मंत्री कपिल देव ने अधिशासी अभियंता एस. पी. सिंह, ए.ई. एस.के. सैनी एवं पी. डब्ल्यू.डी. के अन्य अधिकारियों के साथ साइट का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा- निर्देश दिये। उन्होंने निर्माण कार्य की उच्च गुणवत्ता एवं आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का धन्यवाद देते हुए कपिल देव ने बताया कि लगभग 4 करोड़ की लागत से 5,000 वर्ग मीटर में 8 कक्षों का एक भव्य गेस्ट हाउस बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के चंहुमुखी विकास को त संकल्पित है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरेंद्र पाल, कपिल त्यागी, जिला पंचायत सदस्य तरुण पाल, सागर बाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।



भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल से भाजपा जिला मंत्री मुजफ्फरनगर ने शिष्टाचार भेंट की

# अमृत महोत्सव के अन्तर्गत एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन




**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** जन आंदोलन, गंगा संरक्षण एवं आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत सामाजिक वानिकीय प्रभाग मुजफ्फरनगर के सौजन्य से जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर एवं जिला युवा कल्याण विभाग मुजफ्फरनगर द्वारा 5किमी की पुरूष व महिला क्रॉस कंट्री रेस एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के सैकडों छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित दौड प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रभारी क्रीडा अधिकारी हरफूल सिंह, प्रधानाचार्य फूलचन्द्र, कबड्डी संघ के जिला सचिव रामपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। महिला पुरुष क्रॉस कंट्री पांच किलोमीटर दौड़ में पारुल गोस्वामी प्रथम, जानिस्टर द्वितीय, अजय राजपूत तृतीय, रॉकी, यश चतुर्थ, चीता पांचवे स्थान पर रहे। वहीं अमन राठी, सन्नी, रवि, आयुष, अनुज आदि ने सांत्वना पुरुस्कार प्राप्त किया। महिला वर्ग में दिव्यांशी प्रथम, नव्या द्वितीय, नेहा तृतीय, वर्षा चतुर्थ, अविका पंचम स्थान पर रही तथा साक्षी, इशिका, रश्मि, सुमन, खुशी ने सांत्वना पुरूस्कार जीता। वहीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में गोला फेंक में नवीन प्रथम, कलीम द्वितीय, पारूल तृतीय स्थान पर रहे। लम्बी कूद में अंतिम प्रथम, शुभम शर्मा द्वितीय, विपिन तृतीय स्थान पर रहे। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। दौड प्रतियोगिता पीएचसी मोरना से स्वामी कल्याण देव चौक शुकतीर्थ तक आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी आनन्दवेश महाराज, आचार्य इंद्रपाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी विशाल कुमार, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एथलेटिक्स नवीन कुमार, युवक मंगल दल ब्लॉक अध्यक्ष ओमेश्वर गौथलिया, पीआरडी ब्लॉक कमांडर राजबीर सिंह, राजकुमार, हरेंद्र, काशीराम, वार्ड ब्वॉय नरेंद्र कुमार आदि ने आयोजन में मुख्य भूमिका निभाई।

# शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज- 3 तथा हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हिंदी दिवस का किया गया आयोजन



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज- 3 तथा हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी विभाग के अध्यक्ष डश्न मनीष कुमार जैन ने बताया की संविधान सभा में 14 सितंबर 1949 को यह निर्णय लिया गया था की भारत की राजभाषा हिंदी होगी इसी की याद में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। उन्हें अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी का ज्ञान होना भी आवश्यक है क्योंकि यह हमारी मातृभाषा राष्ट्रभाषा व राजभाषा है। डश्न नेमचंद जैन ने हिंदी के भावनात्मक पहलू पर प्रकाश डालते हुए इसके उपयोग के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम संयोजिका एवं संचालिका डश्न सपना जैन हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया की विचारों की अभिव्यक्ति का सबसे अच्छा माध्यम हिंदी भाषा है। प्राचार्या डश्न नीतू वशिष्ट ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया हिंदी भाषा केवल बोलने में ही अच्छा माध्यम नही है बल्कि यह भाषा लिखित रूप में भी रोचक सरल और सहज है। कार्यक्रम में डश्न कमल किशोर सरीन ,डश्न अरविंद कुमार, डश्न नीरजा गुप्ता, दीप्ति जैन, डश्न अर्चना, डश्न विपिन बंसल, पारुल जैन, मुकुल जैन, संजीव जैन , सुधीर , नीलम इत्यादि शिक्षक एवं शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। पुनीत, विशु, मंतशा, काजल, तनु, सपना, हिमानी, शहरीन इत्यादि छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता किया।

# पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक ने एपेक्स हॉस्पिटल का फीता काटकर किया उद्घाटन





**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** शहर में एपेक्स हॉस्पिटल का पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसमें बच्चों की सभी बीमारियों सहित और भी कई अन्य बीमारियों को उपचार किया जा रहा है। शहर के रूड़की जनकपुरी के निकट एपेक्स हॉस्पिटल का पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक ने फीता काटर उद्घाटन किया है। पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा अपेक्स हॉस्पिटल अत्याधुनिक मशीनों द्वारा लोगों को सस्ता एवं अच्छा इलाज उपलब्ध करा रहा है मैं इस हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर्स को बधाई देता हूं और आशा करता हूं अपेक्स हॉस्पिटल में सभी डॉक्टर्स लगन मेहनत और ईमानदारी से मरीजों का उपचार करें तभी अस्पताल में आने वाले मरीजों को अच्छा लाभ होगा। इस हॉस्पिटल में डॉ उमर फारूक एमबीबीएस एमडी डॉ निधि नेन और डायरेक्टर डॉ सरवर हुसैन हैं। डायरेक्टर सरवर हुसैन ने बताया कि एपेक्स हॉस्पिटल में बाईपास, ईसीजी, आईसीयू, ऑक्सीजन, नेबुलाइजेशन, बुखार, पेटरोग, हैपाटाईटिस, श्वास रोग, मिर्गी दौरा रोगी, बी.पी., मानसिक रोग, शुगर, पीलिया, संक्रमण रोग, नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, जेखिम गर्भावस्था, बांझपन का इलाज, श्वेत प्रदर ल्यूकोरिया, मासिक धर्म की अनियमिताएं व अन्य समस्याएं, प्रसूति एवं स्त्री रोग, पित्ते की थैली, गुर्दे की पथरी, सूजन, फोडा, गांठ, थायरॉयड सर्जरी, लार ग्रंथि सर्जरी, आत्याधुनिक मशीन एवं उपकरणों से युक्त ऑपरेशन थिऐटर, बच्चों को मशीन में रखने की सुविधा, बच्चों को पीलिया की मशीन की सुविधा, बच्चों की सभी बीमारियों का ईलाज होता है। इस दौरान हॉस्पिटल में हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ के साथ हुसैन प्रधान, अमीर आलम, सलीम मैम्बर जिला पंचायत सदस्य, इमरान प्रधान, महसार राना, शारिक मैम्बर मु0नगर, महराज प्रधान, मूसा प्रधान, चौधरी राजीव, चौधरी राम मेहर, शेर मौहम्मद राव, अमीर अहमद राव, मौहम्मद अशरफ, काशिफ जमाल, अजमत अली आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेड़ा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।